दिल्ली भेजा जाएगा नामों का पैनल संसदीय बोर्ड लगाएगा अंतिम मुहर

डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे से रिक्त हुई है मध्य प्रदेश में राज्यसभा की सीट उपचुनाव के लिए नामांकन 26 अक्टूबर से भरे जाएंगे, भाजपा में बढ़ी सक्रियता

● भोपाल / राजनीतिक संवाददाता

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य रहे डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशी का निर्णय भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। प्रदेश भाजपा नेतृत्व नामों का पैनल दिल्ली भेजेगा, लेकिन अंतिम मुहर प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की मौजूदगी में होने वाली संसदीय बोर्ड की बैठक में लगेगी। उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य को 2 अप्रैल, 2030 तक का कार्यकाल मिलेगा। उपचुनाव के लिए नामांकन 26 अक्टूबर से भरे जाएंगे। मप्र से राज्यसभा सदस्य व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे डॉ. एल. मुरुगन ने 14 अक्टूबर को मंत्री पद और राज्यसभा की सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने उन्हें तमिलनाडु के मूल निवासी होने के बावजूद मप्र से दो बार राज्यसभा में भेजा था। पहली बार सितंबर, 2021 में हुए राज्यसभा उपचुनाव के दौरान मप्र से उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था। इसके बाद दूसरी बार अप्रैल, 2024 में भाजपा ने फिर से उन पर भरोसा जताया और मप्र के कोटे से ही दोबारा राज्यसभा में भेजा था। राज्यसभा सदस्य का उनका यह कार्यकाल वर्ष 2030 में समाप्त होने वाला था।



केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार के समीकरणों से तय होगा नया चेहरा

भाजपा सूत्रों का कहना है कि दिवाली या उसके आसपास मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक बड़ा फेरबदल संभावित माना जा रहा है। इस संभावित विस्तार में यदि किसी ऐसे बड़े राष्ट्रीय चेहरे या गैर-सांसद नेता को कैबिनेट मंत्री या राज्य मंत्री बनाया जाता है, जिसे संसद में लाना जरूरी हो, तो उसके लिए मप्र की यह सीट सबसे सुरक्षित और पक्की सीट मानी जा रही है, क्योंकि यहां भाजपा के पास एकतरफा बहुमत है। मुरुगन से पहले भी भाजपा में राष्ट्रीय समीकरणों यानी राज्यों को साधने के लिए मप्र की सीटों का उपयोग बाहरी नेताओं के लिए होता रहा है। पहले भी प्रकाश जावड़ेकर (महाराष्ट्र), एम. वेंकैया नायडू (आंध्र प्रदेश) जैसे नेताओं को अलग-अलग समय पर यहां से प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे यह संभावना प्रबल है कि दक्षिण भारत से ही किसी नेता को मप्र से राज्यसभा भेजा जा सकता है। मप्र में कुल 11 राज्यसभा सीटें हैं, जिनमें से दो कांग्रेस और आठ भाजपा के पास हैं। गत जून में हुए उपचुनाव में भाजपा के तरुण चुग, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट राज्यसभा चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

सरकारी जमीन बेचने वाले बाप-बेटों की जमानत अर्जियां खारिज

भोपाल(आरएनएन)। सीजेएम अग्निन्ध्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से प्लाटिंग कर जमीन बेचकर सरकार को करोड़ों रुपयों के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के मामले के आरोपियों कॉलोनाइजर और उनके बेटों की जमानत की अर्जियों को सुनवाई के बाद निरस्त कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए हैं। आदेश के बाद आरोपियों द्वारा घबराहट और बैचेनी की शिकायत करने पर जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की जमानत अर्जियों पर शनिवार को सेशन अदालत में सुनवाई होगी। सुरेश कुमार जेसवानी ने 6 जून 2019 को ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी। जिसमें कहा था कि आरोपियों ने चूनाभट्टी कोलार रोड की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से प्लाटिंग कर जमीन बेची है। ईओडब्ल्यू ने 15 नवंबर 2019 को आरोपियों एसएन शर्मा और उनके बेटों रामनाथ शर्मा तथा श्यामनाथ शर्मा एवं कुसुम शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद गुरुवार को ईओडब्ल्यू ने सीजेएम अग्निन्ध्र कुमार द्विवेदी की अदालत में आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया था।

भोपाल बनेगा विश्व शांति का वैश्विक केंद्र, 25 को आयोजन

Healing for World Peace 2.0

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



मन की शांति से विश्व शांति की ओर बढ़ने के संकल्प के साथ अनंत ऊर्जा सफर एक बार फिर Healing for World Peace 2.0 लेकर आ रहा है। 25 अक्टूबर 2026 को भोपाल में आयोजित होने वाला यह विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम सनातन दर्शन की व्यापक अवधारणा जीव-जगत-जगदीश्वर पर आधारित होगा। आयोजन में योग, ध्यान, ऊर्जा हीलिंग, कथा और आधुनिक इमर्सिव तकनीक के माध्यम से लोगों को आत्म-अन्वेषण और आंतरिक शांति की यात्रा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। योगिनी आर्विका गुप्ता, ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता और कथावाचिका पलक किशोरी इस आयोजन की प्रमुख प्रस्तुतियों का हिस्सा होंगे। कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों के ऑफलाइन शामिल होने की उम्मीद है, जबकि विभिन्न देशों और शहरों से लोग ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ेंगे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 360 डिग्री इमर्सिव विजुअल एक्सपीरियंस होगा। आयोजन को दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर दिलीप सूर्यवंशी का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में सेज यूनिवर्सिटी के संजीव अग्रवाल का सहयोग भी उल्लेखनीय बताया गया है। अन्य सहयोगी संस्थानों और ब्रांड्स में सेज यूनिवर्सिटी, मानसरोवर कॉलेज, LNCT, सागर ग्रुप, ताज लेकफ्रंट, सुकून-ए-भोपाल, वाइज़लाइफ (वेलनेस पार्टनर), मध्य प्रदेश टूरिज्म, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, मीडिया स्क्वायर, GA Studios, अनंतम, अग्रवाल ज्वेलर्स और फिफ्थ वेदा शामिल हैं।

प्राइम लोकेशन, आधुनिक सुविधाएं और विभिन्न आकार के व्यावसायिक स्पेस

बंसल वन और बंसल प्लाजा की विरासत के साथ कारोबार विस्तार की नई संभावनाएं

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



नया कारोबार शुरु करना हो, अपने ब्रांड का विस्तार करना हो या कार्यालय को एक बेहतर पते पर स्थापित करना हो, सही व्यावसायिक स्थान का चयन महत्वपूर्ण होता है। राजधानी की इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित बंसल प्राइम रिटेल प्रतिष्ठानों और कॉर्पोरेट कार्यालयों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकल्प प्रस्तुत करता है। प्राइम लोकेशन, बेहतर दृश्यता और सुगम आवागमन के साथ यहां उद्यमियों और कारोबारियों के पास अपनी जरूरत के अनुसार यूनिट चुनने और बुक करने का अवसर है। बंसल वन और बंसल प्लाजा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए बंसल ग्रुप की इस परियोजना के दो दिवसीय शुभारंभ में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। आगंतुकों ने परियोजना का अवलोकन कर विशेष लॉन्च डील्स का लाभ उठाते हुए पसंदीदा ऑफिस व रिटेल स्पेस चुने। बंसल प्राइम और बंसल हॉस्पिटल आरकेएमपी को समाहित करने वाली इस परियोजना का संयुक्त फ्लोर प्लेट 70,000 वर्गफुट से अधिक है।


ब्रीफ न्यूज़

प्रीमियम प्रॉपर्टी की बढ़ी डिमांड, सेज रियल्टी के प्रोजेक्ट्स पर खरीदारों का भरोसा



भोपाल। प्रीमियम लाइफस्टाइल के साथ स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की तलाश कर रहे लोगों के लिए सेज रियल्टी के प्रीमियम प्रोजेक्ट्स आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बेहतर लोकेशन, आधुनिक सुविधाएं, क्वालिटी कंस्ट्रक्शन और 43 वर्षों की विश्वसनीय विरासत के चलते प्रोजेक्ट्स को शानदार रिस्पांस मिल रहा है। बढ़ती डिमांड के बीच कुछ चुनिंदा यूनिट्स ही उपलब्ध हैं। ऐसे में मनपसंद यूनिट चुनने और सीमित अवधि के विशेष ऑफर्स का लाभ उठाने का यह सुनहरा अवसर है। बावड़ियां कलां की प्राइम लोकेशन पर अपोलो सेज हॉस्पिटल्स के नजदीक स्थित सेज स्काइलाइन में 3, 4, 5 और 5+1 BHK अपार्टमेंट्स के साथ पेंटहाउस उपलब्ध हैं। यहां स्विमिंग पूल, जकूजी, लाइब्रेरी, मल्टीप्लेक्स, एलीट लाउंज, पिकलबॉल, इंडोर गेम्स, जिम, किड्स जोन, बैंक्वेट हॉल, लैंडस्केप्ड गार्डन, एलीवेटेड पार्किंग और म्यूजिकल एवं वेल-लिट जॉगिंग ट्रैक जैसी प्रीमियम सुविधाएं उपलब्ध हैं। सेज माइलस्टोन प्रोजेक्ट, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल से करीब 5 मिनट की दूरी पर कमर्शियल स्पेस 15.90 लाख से शुरू, सेज गैलरिया मॉल बावड़ियां कलां चौराहे के पास प्रस्तावित 200 फीट रोड पर शॉप, ऑफिस और शोरूम 21.90 लाख से शुरु है।

एलएन मेडिकल कॉलेज में नए विद्यार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम हुआ



भोपाल। विद्यार्थियों के लिए एलएन मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल में 23 अक्टूबर को MBBS बैच-2026 का ज्ञानारंभ इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं कैंपस वातावरण से परिचय कराना तथा उन्हें उच्च शिक्षा के साथ व्यक्तित्व, कौशल और करियर विकास के लिए प्रेरित करना था। यूनिवर्सिटी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में विश्वविद्यालय का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल पाठ्यक्रम और परीक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि अपने ज्ञान का विस्तार करते हुए नई तकनीकों, कौशल और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ें। ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि ज्ञानारंभ उनके विवि जीवन की नई शुरुआत है। इस दौरान कुलगुरु डॉ. एनके थापक, वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, संचालक डॉ. शेवता चौकसे, संचालक पूजाश्री चौकसे, संचालक धर्मेन्द्र गुप्ता भी उपस्थित रहे।

आरएनटीयू में ई-सेल लीग का आयोजन बीएसएसएस की टीम बनी चैंपियन

भोपाल। विद्यार्थियों में उद्यमिता की सोच विकसित करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ने के उद्देश्य से रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन और एआईसी-आरएनटीयू परिसर में यंग इंडियंस के सहयोग से ईएंडआई सेल ने ई-सेल लीग 2026 का आयोजन किया। इसमें 11 संस्थानों के एंटरप्रेन्योरशिप सेल एक मंच पर आए। कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वांडरलूम्स के सह-संस्थापक प्रतीक वात्स शामिल हुए। ई-सेल लीग 2026 में ई-सेल बीएसएसएस ने पहला स्थान हासिल किया। ई-सेल आईआईआईटी दूसरे और ई-सेल सिस्टेक तीसरे स्थान पर रहा। लीग की थीम पांच चुनौतियां, एक लीडरबोर्ड रखी गई थी। इसके तहत पांच ट्रैक आयोजित किए गए। इनमें बिजआईक्यू, द पिच लैब, मैडवर्स, कोडएक्स और ड्रेस-अ-फाउंडर शामिल थे। प्रत्येक ट्रैक में उद्यमिता के अलग-अलग पहलुओं को परखा गया। इनमें व्यावसायिक ज्ञान, पिचिंग, मार्केटिंग, तकनीकी समस्याओं का समाधान, रचनात्मकता और व्यक्तिगत ब्रांडिंग शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वांडरलूम्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतीक वात्स शामिल हुए। उनके सत्र का विषय ''ड्राइडर से फाउंडर तक'' था। इसमें प्रतिभागियों को उद्यमी बनने की यात्रा और नया उद्यम खड़ा करने की व्यावहारिक चुनौतियों से परिचित कराया गया। आरएनटीयू की रजिस्ट्रार डॉ. संगीता जौहरी, कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे ने भी अपने विचार रखे।



धर्मेंद्र बने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



भोपाल, रासं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अगस्त में भंग किए गए मप्र कांग्रेस के विभागों और प्रकोष्ठों का गठन शुरू कर दिया गया है। इसकी शुरुआत किसान कांग्रेस से की गई है। धर्मेंद्र सिंह चौहान को फिर से किसान कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को उनकी नियुक्ति संबंधी पत्र जारी किया है। बता दें कि अगस्त में दिल्ली में हुई मप्र कांग्रेस की समीक्षा बैठक में तत्काल प्रभाव से मप्र कांग्रेस के 59 विभाग और प्रकोष्ठों को भंग कर दिया गया था। इस कारण विभाग व प्रकोष्ठों का कामकाज ठप पड़ा है। इसके बाद से कांग्रेस नेता इनके गठन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

26 अक्टूबर को होने वाले 1 करोड़ अर्चन को लेकर प्रशासन सक्रिय

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



शहर के लाल परेड ग्राउंड में संत श्री रावतपुरा सरकार के सानिध्य में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 26 अक्टूबर को होने वाले अर्चन की तैयारियों का दौर जारी है। शुक्रवार को इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अमले के आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण कर कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली प्रशासनिक तैयारियों के ब्लू प्रिंट को आकार दिया। कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग के साथ भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश नायक एवं राजीव सिंह, पूर्व विधायक संजय शर्मा, भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, भोपाल पुलिस आयुक्त संजय कुमार, डीसीपी रश्मि अग्रवाल दुबे सहित विद्युत मंडल एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने लाल परेड ग्राउंड का निरीक्षण कर मां राजराजेश्वरी हरिद्रा कोटि कुंकुमार्चन महाअनुष्ठान की तैयारियों का जायजा लिया।

गौरतलब है कि मां राजराजेश्वरी कोटि कुंकुमार्चन अनुष्ठान में लगभग 50000 भक्त एक साथ बैठकर मां का एक करोड़ अर्चन करेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
जोन क्र. 09 वार्ड क्र. 69

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि जोन कार्यालय क्र.09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रों को आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम लीज अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना है। यदि किसी को भी इन लीज नामान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्र.09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित समयवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

क्र.	वार्ड क्र.	आवेदक का नाम	पूर्व स्वामी का नाम	भूखण्ड का पता	खाता नं./सम्पत्तिकर आई.डी.
1	69	श्रीमती शमीम कुरैशी पत्नि स्व. श्री सईद अहमद कुरैशी	श्री सईद अहमद कुरैशी पुत्र श्री मो. मुर्तजा	भूखण्ड क्रं. 299 अशोक विहार कॉलोनी	P006402570 3000000965

सू.क्र. 914/026/027

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 09
नगर निगम भोपाल

बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालय:
भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन,
जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **26.11.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

ऋणी /जमानतदार का नाम मांग नोटिस राशि	बंधक रखी संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड वृद्धि राशि
अरेरा हिल्स शाखा, भोपाल, फोन : 6205098050, 9716311233 Account to deposit auction sale proceeds- 900790200000033, IFSC- BKID0009007		
ऋणीः **श्री भरत चंदेल पुत्र श्री रेखराम विशाल चंदेल** **मांग सूचना राशिः ₹ 6.83** लाख + दिनांक 27.06.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे **मांग सूचना दिनांक : 27.06.2024** **कब्जा दिनांक : 27.08.2024 (सांकेतिक) 11.06.2025 (भौतिक)**	**फ्लैट क्रमांक SF-11, द्वितीय तल, शीतल सिटी अपार्टमेंट, वार्ड क्रमांक 23, मंडीदीप, स्टेशन रोड, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.)** संपत्ति मालिक- श्री भरत चंदेल, क्षेत्रफलः 450 वर्गफीट, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः उत्तरः गज्जू पिपलिया रोड नीचे, दक्षिणः शीतल सिटी कॉलोनी पूर्वः फ्लैट क्रमांक एसएफ-10, पश्चिमः शीतल सिटी कॉलोनी गेट नीचे	₹ **7,75,000/-** ₹ **77,500/-** ₹ 10,000/-
आनंद नगर शाखा, भोपाल, फोन : 9074953873 Account to deposit auction sale proceeds- 905390200000033, IFSC- BKID0009053		
ऋणीः **श्रीमती माधवी मिलिंद जोशी** **मांग सूचना राशिः ₹ 24,11,333.95/-** + दिनांक 08.07.2026 से ब्याज एवं अन्य खर्चे **मांग सूचना दिनांक : 08.07.2026** **कब्जा दिनांक : 14.10.2026 (सांकेतिक)**	**रिहायशी फ्लैट स्थित ए-302, तृतीय तल कस्तूरी हाइट्स, ग्राम लाम्बाखेड़ा, नगर निगम वार्ड नंबर 79, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, मध्य प्रदेश 462038, क्षेत्रफल- 94 वर्गमीटर चर्तुसीमाएंः** उत्तर - बालकनी, दक्षिण - पैसेज (रास्ता) और उसके बाद फ्लैट नंबर 303, पूर्व - खुला क्षेत्र और उसके बाद फ्लैट नंबर 306, पश्चिम - फ्लैट नंबर 301, संपत्ति मालिक- श्रीमती माधवी मिलिंद जोशी	₹ **22,00,000/-** ₹ **2,20,000/-** ₹ 10,000/-

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 26.11.2026, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

ई-नीलामी की शर्ते :-
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **24.11.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 30 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 24.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761-2702473 Fax No. 0761-2660048
CIN: U40109MP2002SGC015120, e-mail: cepurez@yahoo.in
1912

No. CGM/S&P/EZ/GM-II/IV/2374 Jabalpur, dtd:- 16.10.2026

TENDER NOTICE

Online tender is invited for supply of Furniture from Traders/authorized dealer/ distributors only as per tender specification. The Bids will be received online on the portal https://mptenders.gov.in up to date & time as per key dates. The tender will be opened in the office of undersigned as mentioned in tender time schedule (key dates) in presence of bidders duly authorized representative who may like to be present at the time of opening of tender: -

Sr. No.	T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/EZ/PUR	NAME OF ITEMS	APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs)	TENDER FEE (in Rs)	Due date & times of Opening of Tender (*)
1	TS-1763 (E-Tender No. 2026_PKVVC_543387_1)	For Supply of Furniture for CGM (O&M)	1.84	590	04.11.2026

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates.
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW C.G.M. (S&P)
''बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें''

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, नियर चकली सर्कल, ओल्ड पदरा रोड, वडोदरा – 390007 कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखे स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करें।
किस्तों/देयों के भुगतान में चूक होने के कारण, गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी दिनांक **23 नवंबर 2026** को की जाएगी।
उधारकर्ता की मृत्यु होने की स्थिति में, सभी नियम एवं शर्तें संबंधित वैधानिक उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा नामः अंबाह		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 11, मोरेना रोड, अंबाह, जिला मोरेना, मध्य प्रदेश - 476111
734457000092	अभय तोमर	
शाखा नामः आमला		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 1, तहसील के पास, मुख्य सड़क के पास, आमला, मध्य प्रदेश - 460551
173862012224	मुकेश यादव	
173857000986	अशोक कुमार के	
173857000978	अनिल पारोसिया	
173857001005	राजेश्वरी राजेश्वरी	
शाखा नामः बरेली		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 08, एनएच 12 पर, जेजे रोड, बरेली, रायसेन जिला, मध्य प्रदेश - 464668
212557001028	राजेश ढाकर	
शाखा नामः बड़वानी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मौलाना आज़ाद मार्ग, तहसील एवं जिला बड़वानी, मध्य प्रदेश - 451551
049062007386	सिंह दीपक	
शाखा नामः भोपाल-लालघाटी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शॉप नं. 910, अलार्क शॉपिंग मॉल, लालघाटी चौराहा, एयरपोर्ट रोड, भोपाल, भोपाल जिला, मध्य प्रदेश - 462030
118957000130	निघत सुल्तान	
शाखा नामः भोपाल-नेहरू नगर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बंगला नं. 71, भदभदा रोड, नेहरू नगर, भोपाल - 462003, मध्य प्रदेश
725757000110	दीपेंद्र दुबे	
शाखा नामः छिंदवाड़ा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पूजाप्लस कॉम्प्लेक्स, परासिया रोड, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश - 480001
051162009058	वीरेंद्र डेहरिया	
शाखा नामः डबरा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नं. 9, वार्ड नं. 16, जवाहर गंज, बितरवार रोड, जिला ग्वालियर, डबरा, मध्य प्रदेश - 475110
143757001496	सुनीता सेजवार	
शाखा नामः दमोह		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मागंज वार्ड नं. 2, मेन रोड, मागंज स्कूल तिराहा, दमोह, मध्य प्रदेश - 470661
075862005180	उत्तम चंद	
शाखा नामः डोंगर परासिया		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सी/ओ आनंदी कॉम्प्लेक्स, तहसील कार्यालय के सामने, जुन्नारदेव रोड, परासिया, जिला - छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश - 480441
328557000276	समीर अली	
328557000419	शशांक परते	
शाखा नामः गुना		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सर्वे नं. 1006/01/11, सेठ एंड संस होंडा टू-व्हीलर शोरूम के बगल में, साइकिल फैक्ट्री के सामने, एबी रोड, गुना, जिला-गुना, मध्य प्रदेश - 473001
076062009352	रघुवीर सिंह लोधा	
076005013997	आरुष सिंह सलूजा	
076005013996	आरुष सिंह सलूजा	
शाखा नामः ग्वालियर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, अलकनंदा टॉवर, 45ए, माधव राव सिंधिया मार्ग, सिटी सेंटर, ग्वालियर - 474001
019757000300	भरत सिंह	
शाखा नामः ग्वालियर - पिंटो पार्क		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पिंटो पार्क स्क्वायर के पास, मुख्य सड़क, एयरपोर्ट रोड, ग्वालियर - 474005, मध्य प्रदेश
725257000199	काजल तोमर	
शाखा का नामः मैहर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, अमर एवेन्यूज, रेस्ट हाउस के सामने, एनएच 7, मैहर, सतना जिला, मध्य प्रदेश - 485771
173657000260	अभिजीत सिंह चौहान	
शाखा का नामः मंगलिया रोड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मंगलिया मेन रोड, मंगलिया तहसील सावेर, जिलाः इंदौर, मध्य प्रदेश - 453771
775057000171	आयुष पाल	
शाखा का नामः मुलताई		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पटेल वार्ड, स्टेशन रोड, मुलताई, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश - 460661
259157000778	विनय रघुवंशी	
259157000835	दीपक सिंह रघुवंशी	
शाखा का नामः नीमच		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 4, भगवती प्लाजा, फिरोजशाह रोड, नीमच, मध्य प्रदेश - 458441
076505004123	पुखराजकुंवर शक्तावत	
शाखा का नामः पांढुर्णा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 27, बीएम नं. 263, स्टेशन रोड पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश - 480334
173962005652	देवानंद किंकर	
173962006335	दीपक धोक	
शाखा का नामः पाटन (जबलपुर)		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मेन रोड, पाटन, जिलाः जबलपुर, मध्य प्रदेश - 483113
798805000109	राकेश फबियानी	
शाखा का नामः रीवा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जय स्तंभ चौराहा के पास, ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के बगल में - 486001
094857000293	विवेक चंद्र गुप्ता	
शाखा का नामः सेमरी हरचंद		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 11, मुख्य सड़क, सेमरी हरचंद, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश - 461668
282462006694	सुरेश कुमार मेहरा	
शाखा का नामः सिवनी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुरानी जरत, अकबर वार्ड नं. 3, होंडा एजेंसी के सामने, कृष्णा टॉवर, जबलपुर रोड, सिवनी, मध्य प्रदेश - 480661
099362009272	शाश्वत उपाध्याय	
शाखा का नामः टिमरनी, मध्य प्रदेश		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 13, गोयल मार्केट, गांधी चौक, मुख्य सड़क, टिमरनी, हरदा जिला, मध्य प्रदेश - 461228
364857000402	अंकित कुमार भाटी	
364857000404	अंकित कुमार भाटी	
364857000556	अंकित कुमार भाटी	
शाखा नामः वैढन		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कान्हा कॉम्प्लेक्स, ताली पुलिया, मुख्य सड़क, वैढन सिद्धि नया जिला, सिंगरौली पुराना जिला, मध्य प्रदेश - 486886
139057000164	अभिषेक कुमार सिंह	
शाखा का नामः झाँसी - बीकेडी चौराहा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, म्युनिसिपल नं. 407, राज स्टेट सी.पी. मिशन कंपाउंड, वार्ड नं. 54 ग्वालियर रोड, झाँसी, उत्तर प्रदेश - 284003
532162000038	राजेंद्र जाटव	

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते/पतों पर तथा दिनांक/तिथि के अनुसार आयोजित की जाएगी। समयः दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी की प्रक्रिया में परिवर्तन करने का धिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए उपरोक्त संबंधित शाखाओं में संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक : 24.10.2026
स्थान : बैतूल, इंदौर, पांढुर्णा, ग्वालियर, जबलपुर, मोरेना, छिंदवाड़ा, रायसेन, मंदसौर, नर्मदापुरम, रीवा, सिंगरौली, दमोह, हरदा, कटनी, बड़वानी, भोपाल, गुना, मैहर, नीमच, सिवनी, शिवपुरी

भवदीय अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड हेतु